CMYK

# बेतवांचल

नवभारत
भोपाल, गुरुवार 19 मार्च, 2026



# जमीन के विवाद में बेटे ने पिता की फावड़ा मारकर की हत्या

**खास बातें**

- ग्राम रिछ्ई में दिल दहला देने वाली वारदात
- जमीन विवाद ने लिया खूनी रूप
- 70 वर्षीय वृद्ध की मौके पर मौत, आरोपी बेटा पुलिस हिरासत में



नवभारत न्यूज

**त्योंदा/विदिशा 18 मार्च, जिले के ग्राम रिछ्ई से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक बेटे ने ही अपने पिता की बेरहमी से हत्या कर दी.घटना ने पूरे गांव में सनसनी फैला दी है और लोगों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है.यह हत्या मात्र जमीन के विवाद को लेकर होना बतायी जा रही है.ग्रामीणों के मुताबिक मृतक दीवान सिंह के पास कुछ जमीन थी जिसे उसने काफी समय पहले बेंच दी थी और इसी जमीन को लेकर बेटे और पिता के बीच विवाद होता रहता था.बेटे का कहना था कि जो जमीन उसके पिता ने बेंची है उसमें उसका भी हक था और इसी जमीन के विवाद को लेकर पिता पुत्र में आये दिन विवाद होता रहता था.**


प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रिछ्ई निवासी 70 वर्षीय दीवान सिंह मीणा की हत्या उनके ही पुत्र कृपाराम मीणा (43 वर्ष) ने धारदार हथियार से कर दी. बताया जा रहा है कि आरोपी कृपाराम गांव में सड़क किनारे चक्की संचालित करता था और उसके पिता के साथ अक्सर किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था. ग्रामीणों के अनुसार, पिता-पुत्र के बीच आए दिन कहासुनी होती थी, लेकिन किसी ने भी नहीं सोचा था कि यह विवाद इतना बढ़ जाएगा कि वह हत्या जैसी गंभीर घटना का रूप ले लेगा. घटना के दिन भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक हो गया.

गुस्से में आकर कृपाराम मीणा ने फावड़े से हमला कर दिया और अपने पिता दीवान सिंह मीणा पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया.आरोपी ने वृद्ध के गर्दन पर कई बार वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए. जान बचाने के लिए दीवान सिंह मौके से भागे, लेकिन लगभग 100 कदम दूर जाकर अचेत होकर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई.घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया.आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत चौकीदार को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.

### पिता के शव के पास ही मिला हत्यारा बेटा

पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो आरोपी कृपाराम मीणा वहीं पास में बैठा हुआ मिला। उसने भागने की कोई कोशिश नहीं की, क्योंकि वह एक पैर से विकलांग बताया जा रहा है. पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में ले लिया.इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए त्योंदा अस्पताल भेज दिया है.फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और हत्या के कारणों की गहराई से पड़ताल की जा रही है.इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है, वहीं लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि अगर समय रहते पारिवारिक विवादों को सुलझा लिया जाता, तो शायद इस तरह की दर्दनाक घटना को रोका जा सकता था.

## महासंघ के महामुकाबले में 500 के नकली नोट की एंट्री




नवभारत न्यूज

**विदिशा 18 मार्च, व्यापार महासंघ के त्रिवार्षिक सत्र 2026-2029 के लिए सात पदों के लिए आवेदन प्राप्ति के अंतिम दिन कोषाध्यक्ष विश्वनाथ अग्रवाल के पास दिन भर व्यापारियों की आवाजाही रही. विदिशा व्यापार महासंघ चुनाव को लेकर व्यापारियों में भारी उत्साह का माहौल है. इसी बीच महासंघ के महा मुकाबले में 500 के नकली नोट की भी एंटी हो गई है.**

फार्म खरदीने के दौरान यह पांच सौ का नकली नोट कोषाध्यक्ष के पास चला गया जिसकी जानकारी बाद में लगी की कोई नकली नोट ही चला गया. महासंघ कोषाध्यक्ष विश्वनाथ अग्रवाल ने बताया कि व्यापार महासंघ चुनाव के लिए आवेदन फार्म लेने की आज अंतिम तिथि समाप्त होने तक सात पदों के लिए 36 फार्म लिए गए. विश्वनाथ अग्रवाल ने जानकारी दी के अध्यक्ष पद पर राजेश जैन एवं राजीव जैन गट्टू द्वारा फॉर्म लिए गए। महामंत्री पद हेतु श्री उमेश कुमार सिंहल, नरेन्द्र सोनी, राजेश सोनी खुबाल, शैलेन्द्र सोनी एवं मनोज पंजवानी मन्री ने फॉर्म लिए. अन्य पदों पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु हरीश वाधवानी, आशीष मोदी बाबा एवं पवन जैन उपाध्यक्ष पद पर नीरज चौरसिया, आशीष माहेश्वरी, संदीप पुरवाल एवं विवेक शर्मा कोषाध्यक्ष पद पर राजकुमार अग्रवाल एवं मनीष जैन, वरिष्ठ मंत्री पद पर मनीष अरोरा, विवेक शर्मा, हरीश अरोरा, जितेन्द्र जैन, राजकुमार नेमा, अर्पित उपाध्याय एवं रोहित सोनी और संयुक्त मंत्री पद पर मनीष अरोरा, अनुराग गोयल, राजकुमार नेमा एवं विवेक शर्मा ने आवेदन फार्म लिए.उन्होंने बताया कि मतदान के अगले चरण में 19 मार्च को चुनाव कार्यालय नाकोड़ा साड़ी पर दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक सभी उम्मीदवारों द्वारा फार्म जमा किए जाएंगे.

### किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस के नेतृत्व में प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया.प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है.किसानों ने बताया कि उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है.इससे किसान आर्थिक संकट में फंसते जा रहे हैं और कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है.उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए गए वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं, जिससे किसानों में नाराजगी है.प्रदर्शन के दौरान यह भी कहा गया कि अनाज किसानों का होने के बावजूद उसके भाव शासन और व्यापारी तय कर रहे हैं, जो उचित नहीं है। डीजल संकट के कारण खेती की लागत बढ़ गई है, जिससे किसान और अधिक परेशान हैं.किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा.

## सतना में सजेगा कबड्डी का महाकुंभ, ज्योति ठाकुर बनेंगी टेक्निकल ऑफिशियल

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** 19 से 22 मार्च तक आयोजित होने वाले 5वीं सीनियर कबड्डी फेडरेशन कप महिला एवं पुरुष के लिए तैयारियाँ जोरों पर हैं. इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के दिग्गज खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे. गौरव की बात है कि खेल और युवा कल्याण विभाग विदिशा में पदस्थ जिला कबड्डी प्रशिक्षक श ज्योति ठाकुर का चयन इस आयोजन में टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में हुआ है.उनकी इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत, पंकज भार्गव, रविकांत नामदेव और साथी कोचों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं.

## केंद्रीय दल ने सुनी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सफलता गाथा


नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर, आजीविका मिशन भवन में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्रीय दल ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर उनकी आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानियां सुनीं.कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा अतिथियों का तिलक एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत से हुई.**

महिलाओं ने बताया कि कैसे वे केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनी हैं और आज अपने परिवार का भरण-पोषण करने के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा रही हैं.दल ने भाग्योदय महिला किसान प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया, जहां पूजा प्रजापति, मोहर बाई और गीता शिल्पकार ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की. उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों से निकलकर वे लखपति दीदी बन आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं.केंद्रीय दल में शामिल सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों एवं विदेशी प्रतिनिधियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन की सराहना की.इसके बाद कम्युनिटी किचन का निरीक्षण कर आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए तैयार भोजन की गुणवत्ता देखी.इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ओमप्रकाश सनोडिया, जनपद सीईओ जितेंद्र जैन सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही.

## पुलिस जवान ने मजदूर को बेरहमी ने पीटा

### मजदूर ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिले तहसील लटेरी थाना पुलिस के कथित दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है, जिसने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. लटेरी निवासी संतोष धाकड़ ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत आवेदन सौंपकर आरोप लगाया है कि 17 मार्च की शाम करीब 7 बजे, जब वह सोसाइटी कोलवा से गाड़ी खाली कर मजदूरी का भुगतान कर रहे थे, तभी थाना मोबाइल पहुंची और एक पुलिस जवान ने बिना किसी कारण उनके साथ मारपीट कर दी.पीड़ित का कहना है कि पुलिसकर्मी ने डंडे से बेरहमी से पीटा, जिससे उनके शरीर पर चोटों के स्पष्ट निशान हैं.**

घटना के बाद आरोपी पुलिसकर्मी बिना कोई कारण बताए मौके से चले गए. संतोष धाकड़ ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कोई अपराध नहीं किया था, फिर भी उनके साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार किया गया.इस घटना से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं.आम नागरिकों की सुरक्षा करने वाली पुलिस यदि खुद ही हिंसक रवैया अपनाए, तो जनता का भरोसा कमजोर होना तय है.पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

## धूल हटाओ, विदिशा बचाओ अभियान का अनोखा प्रदर्शन

- सड़कों पर किया पानी का छिड़काव
- बढ़ती धूल और खराब सड़कों के विरोध में कार्यकर्ताओं ने मास्क पहनकर जताया आक्रोश



नवभारत न्यूज

**विदिशा, शहर में बढ़ती धूल और जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया ने बुधवार को अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया.धूल हटाओ विदिशा बचाओ.अभियान के तहत प्रदेश सचिव यश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर की सड़कों पर पानी का छिड़काव कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया.**

इस दौरान हस्द्ध कार्यकर्ता नीमताल से शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर पानी के टैंकर लेकर पहुंचे और सड़कों पर छिड़काव किया.कार्यकर्ताओं ने मास्क पहनकर प्रदर्शन किया, जिससे यह संदेश देने की कोशिश की गई कि शहर में धूल का स्तर इतना बढ़ गया है कि लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है.प्रदेश सचिव यश शर्मा ने कहा कि विदिशा में धूल की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है.सड़कों की खराब स्थिति और नियमित साफ-सफाई की कमी के कारण वातावरण प्रदूषित हो रहा है, जिसका सीधा असर आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है.उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में लोगों को साइनस, एलर्जी और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है.उन्होंने प्रशासन से मांग की कि शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए और खराब सड़कों की मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए.इससे न केवल धूल पर नियंत्रण पाया जा सकेगा, बल्कि आम लोगों को भी राहत मिलेगी.

एनएसयूआई ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन बड़े स्तर पर जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगा.प्रदर्शन के दौरान अभिराज शर्मा, प्रभांशु श्रीवास्तव, प्रशांत शर्मा, गोलू शर्मा, शैलेंद्र जाटव, विक्रम अहिरवार, रवि अहिरवार, मोहित अहिरवार, कृष्ण शर्मा, अनिकेत अहिरवार, अक्षत भार्गव, अनुज चतुर्वेदी, देव कुमार साहू, आयुष कुमार, अंकित भार्गव, अमन भार्गव, देवेश धाकड़, सानिध्य मालवीय, कैफ मोहम्मद, काव्य सक्सेना, कुणाल भार्गव, लालू यादव, अमन असवर, प्रसून चतुर्वेदी, शुभम रघुवंशी, प्रियांश बंसल, नवराज वैष्णव, वेदांत शर्मा, यशराज ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे.इस अनोखे प्रदर्शन ने शहर में चर्चा का विषय बना दिया है और अब देखना होगा कि प्रशासन इस मुद्दे पर कितनी जल्दी और प्रभावी कार्रवाई करता है.

## वेत्रवती नदी के पावन तट के नौलखी आश्रम में नौ दिवसीय पाटोत्सव का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,वेत्रवती नदी के पावन तट पर स्थित नौलखी तपोवन आश्रम में भगवान महाप्रभु जगन्नाथ जी एवं भगवान सीताराम जी की प्राण-प्रतिष्ठा के द्वितीय पाटोत्सव के अवसर पर आज 19 मार्च गुरूवार से 27 मार्च तक नौ दिवसीय भव्य धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर आश्रम परिसर में व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है.**

आश्रम समिति के अनुसार, इस पावन अवसर पर प्रतिदिन सवा लाख रुद्री निर्माण, शिवाभिषेक एवं शिवार्चना जैसे दिव्य अनुष्ठानों का आयोजन होगा। यह अनुष्ठान सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक वैदिक रीति-विधान के साथ संपन्न किया जाएगा, जिसमें नव विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वेद मंत्रों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। आयोजन में सम्मिलित यजमान, श्रद्धालु प्रतिदिन भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव का अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे.इस महोत्सव की विशेष आकर्षण 21 मार्च से प्रारंभ होने वाली भक्तमाल कथा रहेगी, जिसका वाचन अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक, भागवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य पंडित डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री (श्रीधाम वृंदावन) द्वारा किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से प्रारंभ होने वाली यह कथा संत परंपरा के महान संतों के जीवन, उनके त्याग, तपस्या, सेवा और भक्ति की प्रेरणादायक गाथाओं से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेगी.आयोजन के दौरान आश्रम परिसर को आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया है. भव्य पंडाल, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के बैठने की उत्तम व्यवस्था की गई है. बाहर से आने वाले भक्तों के लिए जलपान एवं प्रसाद वितरण की भी समुचित व्यवस्था समिति द्वारा की जा रही है.पूरे आयोजन का संचालन नौलखी तपोवन आश्रम के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है.उनके सानिध्य में यह पाटोत्सव आध्यात्मिक चेतना और धर्म जागरण का महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है.

### विदिशा में महर्षि गौतम जयंती आज, भव्य आयोजन

**नवभारत न्यूज विदिशा,** महर्षि गौतम जयंती आज अग्रवाल ट्रस्ट द्वारा राधा बिहारी मंदिर में मनाई जाएगी .हवन-पूजन से शुरुआत होगी, इसके बाद सामाजिक विषयों पर चर्चा, महाआरती और प्रसादी वितरण होगा . आयोजन में समाजजन परिवार सहित शामिल होंगे .

## छात्राओं को साइकिल वितरण से शिक्षा को मिली गति

नवभारत न्यूज

**विदिशा, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की परियोजना कार्यान्वयन इकाई विदिशा द्वारा 18 मार्च 2026 को ग्राम अटारीखेजड़ा स्थित पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.आयोजन सिद्धांत सिंघई के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ.**



इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों की 130 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं, जो दूर-दराज से पढ़ाई के लिए विद्यालय आती हैं। साइकिल मिलने से उन्हें आवागमन में सुविधा, समय की बचत और पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखने में मदद मिलेगी.मुख्य अतिथि ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि यह बालिकाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

**आयोजन** | **चैत्र नवरात्रि की तैयारियां अंतिम चरण में, दुर्गा मंदिर में विशेष आयोजन**

# घटस्थापना से लेकर अखंड ज्योति तक रहेंगी भव्य व्यवस्थाएं





नवभारत न्यूज

**विदिशा, चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व को लेकर नगर के प्रमुख ज्वाला देवी शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर, दुर्गा नगर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं. मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है और भक्तों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं. महंत पं. श्री रामेश्वर दयाल चतुर्वेदी ने बताया कि इस वर्ष भी नवरात्रि का आयोजन पूरे विधि-विधान और भव्यता के साथ किया जाएगा.**

हिंदू धर्म में नवरात्रि को शक्ति, भक्ति और साधना का अद्वितीय संगम माना जाता है.वर्ष में चार बार आने वाले नवरात्रि पर्वों में चैत्र और आश्विन मास की नवरात्रि का विशेष महत्व होता है.चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाली यह नवरात्रि नवसंवत्सर का भी शुभारंभ मानी जाती है.इस दिन से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और श्रद्धालु नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की उपासना करते हैं.

महंत श्री के अनुसार इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 19 मार्च से होगा और इसका समापन 27 मार्च को रामनवमी के दिन किया जाएगा. नवरात्रि के दौरान मंदिर में अखंड ज्योतियों का विशेष प्रज्ज्वलन किया जाएगा. लगभग 150 से अधिक तेल की ज्योतियां एवं 100 घी की ज्योतियां तैयार की गई हैं.पिछले कई वर्षों से यह परंपरा निरंतर जारी है, जिसमें स्थानीय ही नहीं बल्कि प्रदेश और देश-विदेश से भी श्रद्धालु अपनी आस्था के दीप प्रज्ज्वलित कराते हैं.नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में दुर्गा सप्तशती का पाठ, नियमित पूजा-अर्चना, देवी का भव्य श्रृंगार और दैनिक आरती का आयोजन किया जाएगा. पूजा कार्य पं. कुलदीप राजपुरोहित शास्त्री एवं अन्य विद्वान ब्राह्मणों द्वारा संपन्न कराया जाएगा. वहीं मंदिर पुजारी पं. योगेश चतुर्वेदी द्वारा प्रतिदिन आरती की जाएगी. मंदिर की सजावट, साफ-सफाई और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी समिति द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से निभाई जा रही है.नवरात्रि के प्रथम दिन घटस्थापना का विशेष महत्व होता है. इस वर्ष घटस्थापना का शुभ मुहूर्त प्रात: 6.32 बजे से 8.47 बजे तक रहेगा. इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12.05 बजे से 12.53 बजे तक भी कलश स्थापना की जा सकेगी. श्रद्धालु इस शुभ समय में विधि-विधान से पूजा प्रारंभ कर सकते हैं.

### मां के नौ स्वरूपों की होगी आराधना

नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों— शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की आराधना की जाएगी. सप्तमी तिथि को विशेष निशा पूजन का आयोजन भी किया जाएगा, जो मध्यरात्रि से प्रारंभ होकर प्रात:कालीन आरती के साथ संपन्न होगा. इस दौरान भक्तजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर मां के दर्शन और पूजा का लाभ उठाएंगे.मंदिर समिति एवं महंत श्री ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे श्रद्धा, विश्वास और भक्ति के साथ इस पावन पर्व में शामिल हों तथा मां दुर्गा की आराधना कर अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करें.साथ ही सभी को नवसंवत्सर एवं गुड़ी पड़वा की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी गई हैं.

Run by:- Ruchi Bal Shiksha avam vikas samiti

**K.M.L. Vatsalya College**

Haripura, Vidisha (M.P)

*(Affiliated by Barkatullah University, Bhopal)*

Applications from Trained and Experienced candidates with brilliant academic record and excellent communication skills are invited for the following posts under the code 28 of the university.

| S.No. | Post | Subject | No. of Post | Qualification |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Principal | UG College | 01 | As per UGC Norms |
| 2 | Asst. Professor | History | 01 | |
| | | Political Science | 01 | |
| | | Sociology | 01 | |
| | | Economics | 01 | |

Interested candidates can send their application along with resume, job Application, testimonials, and a passport-size photograph by 30/03/2026 through Email or to the College Office.
The Selected candidate will be called for the interview and written test.
E-mail – kmlvatsalya@gmail.com. Mob. 9806053184, 9893050707

CMYK